Regarding shifting of FCI Depot from Mehsana city to the outskirts-Laid

श्री हरीभाई पटेल **(महेसाणा) :** मैं माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री जी का ध्यान भारतीय खाद्य निगम डिपो को स्थानांतरित करने की मांग की ओर आकर्षित करना चाहूंगा । महेसाणा के अंतर्गत महेसाणा शहर जिला का सबसे बड़ा शहर है और जिले का मुख्य केंद्र भी है । भारतीय खाद्य निगम डिपो का निर्माण 1984-85 में किया गया था, परंतु तब वह शहर के बाहर था । लेकिन शहर का निरंतर विकास होने के कारण भारतीय खाद्य निगम डिपो अब शहर के बीच मोढेरा रोड (मुख्य मार्ग) पर आ जाने से हर रोज 500 से 600 ट्रक आने के कारण बहुत बार ट्रैफिक की समस्या हो जाती है । कभी-कभी ट्रकों की कतार की वजह से दुर्घटनाएं भी होती हैं । यातायात की समस्या को ध्यान में रखते हुए और दुर्घटनाओं के निवारण हेतु इस डिपो को शहर से बाहर स्थानांतरित करवाया जाए ।